## *विद्युत मंत्रालय*

मांग संख्या 66

## विद्युत मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2001-2002 | | | संशोधित 2001-2002 | | | बजट 2002-2003 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | 517.91 | 53.80 | 571.71 | 789.47 | 76.49 | 865.96 | 727.89 | 53.60 | 781.49 |
| *पूंजी* | | *2770.09* | *...* | *2770.09* | *2910.53* | *...* | *2910.53* | *2572.11* | *...* | *2572.11* |
| **जोड़** | | **3288.00** | **53.80** | **3341.80** | **3700.00** | **76.49** | **3776.49** | **3300.00** | **53.60** | **3353.60** |
| 1. सचिवालय आर्थिक सेवाएं | 3451 | 0.50 | 7.53 | 8.03 | 0.94 | 7.07 | 8.01 | 2.50 | 7.16 | 9.66 |
| **विद्युत** | | | | | | | | | | |
| **सामान्य** | | | | | | | | | | |
| 2. केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण | 2801 | 13.04 | 34.92 | 47.96 | 9.01 | 35.53 | 44.54 | 40.24 | 35.15 | 75.39 |
| | 4801 | 7.41 | ... | 7.41 | 2.60 | ... | 2.60 | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *20.45* | *34.92* | *55.37* | *11.61* | *35.53* | *47.14* | *40.24* | *35.15* | *75.39* |
| 3. अनुसंधान और विकास | | | | | | | | | | |
| 3.01 केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान, संस्थान बंगलौर | 2801 | 8.37 | ... | 8.37 | 13.25 | ... | 13.25 | 18.00 | ... | 18.00 |
| 3.02 मूलभूत और बुनियादी अनुसंधान | 2801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *8.37* | *...* | *8.37* | *13.25* | *...* | *13.25* | *18.00* | *...* | *18.00* |
| *4. प्रशिक्षण* | | | | | | | | | | |
| 4.01 राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण अनुसंधान (एन पी टी आई) | 2801 | 6.37 | 4.65 | 11.02 | 6.37 | 4.62 | 10.99 | 13.28 | 5.72 | 19.00 |
| 5. ऊर्जा संरक्षण/ई एम सी | 2801 | 9.88 | ... | 9.88 | 2.30 | ... | 2.30 | ... | ... | ... |
| 6. राज्य विद्युत विनियामक आयोग की स्थापना | 2801 | 0.50 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.50 | ... | ... | ... |
| 7. विद्युत विकास निधि | 2801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 8. ताप विद्युत केन्द्रों के बेहतर निष्पादन के लिए प्रोत्साहन स्कीमें पारेषण और वितरण हानि में कमी | 3601 | 9.25 | ... | 9.25 | 10.70 | ... | 10.70 | ... | ... | ... |
| 9. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग | 2801 | ... | 5.70 | 5.70 | ... | 4.55 | 4.55 | ... | 4.57 | 4.57 |
| 10. विद्युत वित्त निगम को ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता | 2801 | 350.00 | ... | 350.00 | 350.00 | ... | 350.00 | 300.00 | ... | 300.00 |
| 11. ग्रा. वि. नि. को ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता | 2801 | 10.00 | ... | 10.00 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 12. एन.टी.पी.सी. को ब्याज सब्सिडी | 2801 | ... | ... | ... | ... | 23.72 | 23.72 | ... | ... | ... |
| 13. पावरग्रिड निगम को अनुदान | 2801 | 40.00 | ... | 40.00 | 326.40 | ... | 326.40 | 40.00 | ... | 40.00 |
| 14. उत्तर पूर्वी राज्यों में जनजातीय गांवों का विद्युतीकरण | 2801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 15. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो | 2801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 50.00 | ... | 50.00 |
| 16. ग्रामीण विद्युतीकरण को ब्याज सब्सिडी | 2801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 163.87 | ... | 163.87 |
| 17. उत्तर पूर्वी क्षेत्र और सिक्किम में उप-पारेषण और वितरण निर्माण कार्य | 3601 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *जोड़-सामान्य* | | *454.82* | *45.27* | *500.09* | *721.13* | *68.42* | *789.55* | *625.39* | *45.44* | *670.83* |
| **थर्मल विद्युत उत्पादन** | | | | | | | | | | |
| 18. बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन | | | | | | | | | | |
| 18.01 राजस्व व्यय | 2801 | ... | 971.00 | 971.00 | ... | 993.00 | 993.00 | ... | 1051.81 | 1051.81 |
| 18.02 घटाइए-राजस्व प्राप्तियां | 2801 | ... | -970.00 | -970.00 | ... | -992.00 | -992.00 | ... | -1050.81 | -1050.81 |
| निवल व्यय | | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 |
| 18.03 बदरपुर तापीय विद्युत केन्द्र का विस्तार | 4801 | 9.31 | ... | 9.31 | 14.47 | ... | 14.47 | 1.00 | ... | 1.00 |
| | *जोड़* | *9.31* | *1.00* | *10.31* | *14.47* | *1.00* | *15.47* | *1.00* | *1.00* | *2.00* |
| **पन बिजली उत्पादन** | | | | | | | | | | |
| 19. पन बिजली परियोजनाएं | | | | | | | | | | |
| 19.01 सरदार सरोवर परियोजना | 4801 | 36.27 | ... | 36.27 | 2.51 | ... | 2.51 | ... | ... | ... |
| **पारेषण और वितरण** | | | | | | | | | | |
| 20. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (कुटीर ज्योति) | 2801 | 63.00 | ... | 63.00 | 63.00 | ... | 63.00 | 90.00 | ... | 90.00 |
| 21. भार पारेषण केन्द्र | 4801 | 0.15 | ... | 0.15 | 0.15 | ... | 0.15 | ... | ... | ... |
| 22. लचीली वातानुकूलन पारेषण प्रणाली | 4801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *63.15* | *...* | *63.15* | *63.15* | *...* | *63.15* | *90.00* | *...* | *90.00* |
| 23. उत्तर पूर्वी क्षेत्र और सिक्किम के विकास के लिए परियोजनाए/योजनाएं | 2552 | 7.00 | ... | 7.00 | 7.00 | ... | 7.00 | 10.00 | ... | 10.00 |
| | 4552 | 464.70 | ... | 464.70 | 329.58 | ... | 329.58 | 658.67 | ... | 658.67 |

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2001-2002 | | | संशोधित 2001-2002 | | | बजट 2002-2003 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य शीर्ष | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| 24. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम | 4801 | 50.00 | ... | 50.00 | 50.00 | ... | 50.00 | ... | ... | ... |
| (राज्य आयोजना) | 6801 | 410.00 | ... | 410.00 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *460.00* | *...* | *460.00* | *50.00* | *...* | *50.00* | *...* | *...* | *...* |
| *जोड़ - विद्युत* | | *1495.25* | *46.27* | *1541.52* | *1187.84* | *69.42* | *1257.26* | *1385.06* | *46.44* | *1431.50* |
| 25. सरकारी उद्यमों में निवेश | 4801 | 1579.49 | ... | 1579.49 | 2193.20 | ... | 2193.20 | 1887.44 | ... | 1887.44 |
| | 6801 | 212.76 | ... | 212.76 | 318.02 | ... | 318.02 | 25.00 | ... | 25.00 |
| | *जोड़* | *1792.25* | *...* | *1792.25* | *2511.22* | *...* | *2511.22* | *1912.44* | *...* | *1912.44* |
| ***कुल जोड़*** | | ***3288.00*** | ***53.80*** | ***3341.80*** | ***3700.00*** | ***76.49*** | ***3776.49*** | ***3300.00*** | ***53.60*** | ***3353.60*** |
| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ |
| 25.01 राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम | 12801 | ... | 3006.00 | 3006.00 | ... | 2880.00 | 2880.00 | 167.63 | 3338.37 | 3506.00 |
| 25.02 राष्ट्रीय जल विद्युत शक्ति निगम | 12801 | 943.25 | 631.64 | 1574.89 | 1511.46 | 601.31 | 2112.77 | 1341.81 | 1125.89 | 2467.70 |
| 25.03 दामोदार घाटी निगम | 12801 | ... | 284.00 | 284.00 | ... | 279.42 | 279.42 | ... | 840.66 | 840.66 |
| 25.04 उत्तर-पूर्वी विद्युत शक्ति निगम | 12801 | ... | 86.72 | 86.72 | ... | 50.00 | 50.00 | ... | 175.28 | 175.28 |
| 25.05 ऩाथपा झाकरी तापीय निगम | 12801 | 562.00 | 332.00 | 894.00 | 820.00 | 344.00 | 1164.00 | 256.00 | 397.00 | 653.00 |
| 25.06 टिहरी जल विकास निगम | 12801 | 200.00 | 1028.17 | 1228.17 | 142.76 | 803.55 | 946.31 | 146.00 | 993.80 | 1139.80 |
| 25.07 पावर ग्रिड निगम | 12801 | ... | 2869.00 | 2869.00 | ... | 2352.00 | 2352.00 | ... | 3312.00 | 3312.00 |
| 25.08 ग्रामीण विद्युतीकरण निगम | 12801 | 37.00 | ... | 37.00 | 37.00 | ... | 37.00 | ... | ... | ... |
| 25.9 विद्युत व्यापार निगम | 12801 | 50.00 | ... | 50.00 | ... | ... | ... | 1.00 | ... | 1.00 |
| 25.10 सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पूर्वोत्तर और सिक्किम के विकास के लिए परियोजना/ योजनाएं | 12801 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 658.67 | ... | 658.67 |
| *जोड़* | | *1792.25* | *8237.53* | *10029.78* | *2511.22* | *7310.28* | *9821.50* | *2571.11* | *10183.00* | *12754.11* |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | | | | | | | | | | |
| केन्द्रीय क्षेत्र की आयोजना | | | | | | | | | | |
| विद्युत | 12801 | 2356.30 | 8237.53 | 10593.83 | 3313.42 | 7310.28 | 10623.70 | 2631.33 | 10183.00 | 12814.33 |
| उत्तर पूर्वी क्षेत्र | 22552 | 471.70 | ... | 471.70 | 336.58 | ... | 336.58 | 668.67 | ... | 668.67 |
| राज्य योजनाएं | 43601 | 460.00 | ... | 460.00 | 50.00 | ... | 50.00 | ... | ... | ... |
| **जोड़** | | **3288.00** | **8237.53** | **11525.53** | **3700.00** | **7310.28** | **11010.28** | **3300.00** | **10183.00** | **13483.00** |

1.**सचिवालय** : इसमें विद्युत मंत्रालय के सचिवालय के व्यय की व्यवस्था है।

2.**केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण** : केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, राष्ट्रीय विद्युत संसाधनों के नियंत्रण तथा उपयोग के संबंध में विभिन्न एजेंसियों के क्रियाकलापों के बीच समन्वय करता है। यह विद्युत साधनों का सर्वेक्षण और अध्ययन करने, विद्युत के उत्पादन, वितरण और उपयोग से संबंधित आंकड़ों को एकत्र करने और उनका रिकार्ड रखने तथा विद्युत साधनों के विकास के लिए भी उत्तरदायी है। इसमें तकनीकी नियंत्रण, आयोजना और मानीटरिंग, प्रशिक्षण, डिजाइन और सलाहकारी सेवा, क्षेत्रीय समन्वय, आदि को अद्यतन बनाने पर होने वाले व्यय के लिए व्यवस्था की गई है।

3.**अनुसंधान और विकास** : केन्द्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, बंगलौर विद्युत पर अनुसंधान करने में लगा हैं। केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रयुक्त अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशाला है तथा यह विद्युत उपस्कर एवं संघटकों के परीक्षण, मूल्यांकन तथा प्रमाणन के लिए स्वतंत्र प्राधिकरण के रूप में भी कार्य करता है।

4.**प्रशिक्षण**: इसमें राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, जो विद्युत केन्द्रों के प्रचालन और अनुरक्षण के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण प्रदान करने में संलग्न है, पर होने वाले व्यय की व्यवस्था है।

9.**केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग** : टैरिफ मामलों से सम्बन्धित आयोग के कार्यकलापों से संबंधित मामलों पर व्यय की व्यवस्था करता है।

10. **विद्युत वित्त निगम को ब्याज सब्सिडी**: त्वरित उत्पादन और आपूर्ति कार्यक्रम (ए जी एंड सी पी) के अन्तर्गत /विद्युत संयंत्रों के नवीकरण और आधुनिकीकरण के लिए राज्य विद्युत निगम, उत्पादन योजनाओं, लुप्त पारेषण सम्पर्कों आदि को ब्याज सब्सिडी दी जाती है।

13.**पावरग्रिड निगम को सहायता अनुदान** : पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र की स्थापना के लिए।

15, **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**: ऊर्जा संरक्षण कार्यकलापों के संवर्धन के लिए सरकार ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्थापना करने के लिए प्रक्रियारत है।

16. **ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए ब्याज सब्सिडी**: ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए राज्य विद्युत बोर्डों को ब्याज सब्सिडी दी जानी है।

18. **बदरपुर ताप विद्युत केन्द्र** : बदरपुर ताप विद्युत केन्द्र, जिसका स्वामित्व केन्द्र सरकार के अधीन है, का प्रबंध एजेंसी आधार पर राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा किया जा रहा है। चरण I, II और III में सभी पांच इकाइयां वाणिज्यिक कार्यचालन के अधीन हैं ।

20. **कुटीर ज्योति कार्यक्रम** : हरिजनों और आदिवासियों सहित गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले ग्रामीण निर्धनों के जीवन-स्तर में सुधार करने के लिए केन्द्र सरकार ने समाज के निर्धन वर्गों के घरों में एकल प्वाइंट बिजली के कनेक्शन प्रदान करने के लिए वर्ष 1989 में 'कुटीर ज्योति' योजना शुरु की। कुटीर ज्योति कार्यक्रम के लिए वर्ष 2002-03 में ब.अ. 100 करोड़ रुपए है। वर्ष 2001-2002 के दौरान सितम्बर, 2001 तक 75599 कनेक्शन जारी किए गए थे ।

25. **सरकारी उद्यमों में निवेश** :-

25.01 **नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एन टी पी सी)** : केन्द्रीय क्षेत्र में एन.टी.पी.सी. की स्थापना नवम्बर, 1975 में केन्द्रीय क्षेत्र में एक ताप विद्युत उत्पादन कम्पनी के रूप में की गई जिसका मुख्य उद्देश्य कोलपिट हेड में सुपर ताप विद्युत परियोजनाओं का निर्माण करना था। 31.12.2000 की स्थिति के अनुसार निगम ने कुछ 19435 मेगावाट की क्षमता चालू की है। एन टी पी सी इस समय 12 ताप विद्युत परियोजनाओं और 7 गैस पर आधारित संयुक्त साइकिल विद्युत परियोजनाओं जिनकी कुल अनुमोदित क्षमता 23935 मेगावाट है, का संचालन और निष्पादन कर रहा है। वर्ष 2002-03 से सरकार निगमों को उनकी नई योजनाओं के लिए 167.63 करोड़ रुपए की राशि की बजटीय सहायता प्रदान कर रही है।

25.02 **नेशनल हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एन. एच. पी. सी.)**: नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एन.एच.पी.सी.) की स्थापना केन्द्रीय क्षेत्र में पनविद्युत परियोजनाओं के तीव्र, सक्षम और कम खर्चीले रूप से पूरा करने और प्रचालित करने की दृष्टि से वर्ष 1975 में की गई थी। कारपोरेशन

ने अभी तक 8 पन विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया है और मार्च 2001 के अन्त तक इन परियोजनाओं को पूरा करके अतिरिक्त 2193 मेगावाट सृजन क्षमता की वृद्धि की है। कारपोरेशन इस समय जम्मू और कश्मीर में दुलहस्ती परियोजना (390 मेगावाट), उत्तरप्रदेश में धौलीगंगा परियोजना, चरण- I (280 मेगावाट),हिमाचल प्रदेश में चमेरा चरण-II (300 मेगावाट), सिक्किम में तीस्ता, चरण-V (510 मेगावाट)मणिपुर में लोकतक अधोप्रवाह (90 मेगावाट), के निर्माण कार्य में संलग्न है । एनएचपीसी कालपोंग तथा कुरिचु परियोजनाओं का भी एजेंसी आधार पर निष्पादन कर रहा है ।

25.03 **दामोदर घाटी निगम (डी. वी. सी.)** : डी.वी.सी की स्थापना जुलाई, 1948 में दामोदर घाटी में सिंचाई, जलापूर्ति, अपवहन, तापीय और पन-बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए स्कीमों के संवर्धन और प्रचालन के लिए की गई थी।

25.04 **उत्तर-पूर्वी विद्युत शक्ति निगम** : उत्तर-पूर्वी विद्युत शक्ति निगम की स्थापना उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विद्युत विकास अभिकरण के रूप में की गई थी जिसने 625 मैगावाट की कुल स्थापित क्षमता शुरु कर दी है जिसमें असम गैस टरबाइन संयुक्त चक्र विद्युत परियोजना 291 मैगावाट, कोपीली एच.ई.परियोजना-250 मैगावाट और अगरतला गैस आधारित परियोजना 84 मैगावाट शामिल हैं । फिलहाल यह निगम केन्द्रीय क्षेत्र के अंतर्गत मिजोरम में टयूरयल एच.ई. 60 मैगावाट और असम में कोपीली एच.ई. परियोजना चरण II (25 मेगावाट) नामक परियोजना पूर्वोत्तर परिषद, और गृह मंत्रालय के अंतर्गत नागालैंड में डोयांग पन बिजली परियोजना-75 मेगावाट और अरूणाचल प्रदेश में रंगानदी परियोजना (405 मेगावाट) पर काम चल रहा है । इसके अतिरिक्त अरूणाचल प्रदेश में कामेंग पन बिजली परियोजना (210 मेगावाट), मिजोरम में तुईवली पन बिजली परियोजना (210 मेगावाट), मणिपुर में तिपाईमुख पन बिजली परियोजना (150 मेगावाट) और असम में लोअर कोपिली पन बिजली परियोजना (150 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश में रंगनदी पन विद्युत-चरण II (180 मेगावाट) और दिकरोंग पन विद्युत परियोजना (100 मेगावाट) दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निपको द्वारा शुरु की जाने वाली नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं ।

25.05 **नाथपा झाकरी विद्युत निगम (एन. जे. पी. सी.)** : हिमाचल प्रदेश के सतलुज बेसिन में जल विद्युत पॉवर परियोजनाओ की योजना बनाने, संवर्धन करने, संचालन करने, निष्पादन करने, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण के लिए मई, 1988 में निगमित किया गया था। निगम वर्तमान में नाथपा झाकरी एच.ई.पी (1500 मैगावाट) संचालित कर रहा है। यह परियोजना भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उद्यम है। दोनों भागीदार परियोजना की लागत को क्रमशः75:25 के अनुपात में बांटेंगे।

25.06 **टिहरी पन बिजली विकास निगम (टी.एच.डी.सी.)** : टिहरी पन-बिजली विकास निगम टिहरी में भागीरथी नदी और इसकी सहायक नदियों के पन-बिजली संसाधनों और अनुप्रवाह के एकीकृत और कुशल उपयोग के लिए जुलाई, 1988 में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त उद्यम के रूप में निगमित किया गया था । टिहरी पन बिजली विकास निगम को टिहरी पन बिजली परिसर के निर्माण का काम दिया है जिसमें (क) टिहरी बांध और एच. ई. परियोजना चरण ? (1000 मैगावाट, (ख) कोटेश्वर बांध और एच. ई. परियोजना (400 मैगावाट) और (ग) टिहरी पंप भंडारण परियोजना (1000 मैगावाट) शामिल हैं । फिलहाल यह निगम टिहरी बांध और एच.ई. परियोजना चरण ? (1000 मैगावाट) पर काम कर रहा है जिसे वर्ष 2005 तक पूरा कर दिए जाने की संभावना है। निगम ने कोटेश्वर बांध एच. ई. परियोजना (400 मेगावाट) के कार्य को प्रारम्भ कर दिया है ।

25.07 **पावर ग्रिड कारपोरेशन** : पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड को सुदृढ़ वाणिज्यिक सिद्धान्तों के आधार पर विश्वसनीयता, सुरक्षा एवं मितव्ययिता के साथ क्षेत्र के अन्दर एवं बाहर विद्युत अन्तरण को सरल बनाने के लिए क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित एवं संचालित करने हेतु 1989 में निगमित किया गया था। संसद द्वारा पारित अधिनियमों के अनुसार एन. टी. पी. सी., एन. एच. पी. सी., एन. ई. ई. पी. सी. ओ. तथा एन. एल. सी. को पारेषण प्रणाली अप्रैल, 1992 से पी. जी. सी. आई. एल. को हस्तांतरित कर दी गई। पावरग्रिड पारेषण नेटवर्क, देश में उत्पादित कुल विद्युत का लगभग 40 प्रतिशत आगे भेजता है।